## एक नजर में

### बॉडी बिल्डिंग, गीत संगीत सहित होंगे विविध कार्यक्रम

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, सीएमओ श्रीमती अनिता चाकोटिया ने बताया कि विगत वर्षों के अनुसार इस वर्ष भी मंदसौर नगर पालिका परिषद के द्वारा मंदसौर नगर का गौरव दिवस मनाने हेतु 2 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 7 दिसम्बर रविवार को मंदसौर गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर सायं 4 बजे ग्राम सौंधनी के विजय स्तंभ परिसर में दीप प्रज्वलित किये जायेंगे और उसके बाद सायं 5 बजे तेलिया तालाब परिसर स्थित सम्राट यशोधर्मन की प्रतिमा एवं नगर में स्थित सभी महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किये जायेंगे। सायं 5.30 बजे शासकीय महाविद्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी जो कि रात्रि तक कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में होगी। 8 दिसम्बर सोमवार को मंदसौर गौरव दिवस के दिन तेलिया तालाब परिसर में सायं 5 बजे संस्कृति दर्शन कार्यक्रम होगा इसके अंतर्गत देशभक्ति गीत संगीत नृत्य आतिशबाजी का कार्यक्रम भी किया जायेगा। मंदसौर नगर के गणमान्य नागरिकों से नपा परिषद आग्रह करती है कि वे इन कार्यक्रमों में शामिल होवे।

### नगरपालिका वार्डों में लगा रही वसूली शिविर

**मंदसौर।** नगरीय विकास विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 5 दिसम्बर 2025 से 19 दिसम्बर 2025 तक नपा परिषद के द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में सम्पत्ति कर एवं अन्य करों की वसूली हेतु विशेष शिविर लगाकर करों की वसूली का कार्य कर रही है।5 दिसम्बर, शुक्रवार को कमला नेहरू बाल मंदिर स्कूल के बाहर नइआबादी में करों की वसूली का कार्य किया गया। वार्ड क्र. 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 12 एवं 21 की वसूली का शिविर लगाया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, राजस्व समिति सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार, सीएमओ श्रीमती अनिता चकोटिया के निर्देश पर यह शिविर लगाये जा रहे है। नपा परिषद के द्वारा लगाये जा रहे इन शिविरों में कई अधिकारी कर्मचारीगणों की ड्यूटी लगाई गई है।

### राष्ट्रीय एसजीएफआई भारत्तोलन स्पर्धा में सिमरन का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर की छात्रा है सिमरन वर्मा**

मंदसौर। विद्या भारती मालवा, मंदसौर विभाग के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर, मंदसौर की छात्रा सिमरन वर्मा ने 69वीं राष्ट्रीय एसजीएफआई भारत्तोलन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं विभाग का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में आयोजित हुई। कक्षा 12वीं की छात्रा सिमरन वर्मा ने विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करते हुए अनुशासन, दृढ़ता और श्रेष्ठ कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। खेल शिक्षक युगल वघेरवाल ने बताया कि सिमरन का यह प्रदर्शन प्रेरणादायक है और विद्यार्थियों के लिए उत्साहवर्धक उदाहरण प्रस्तुत करता है। उनकी इस सराहनीय सहभागिता पर मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा, विद्या भारती मालवा के संगठन मंत्री योगेश शर्मा, मालवा प्रांत प्रमुख पंकज पंवार, सह प्रांत प्रमुख सुंदरलाल शर्मा, मंदसौर विभाग समन्वयक राघवेन्द्र देराश्री, प्रो. राजेन्द्र सिंह (शिक्षण समिति), समिति के अध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र कुमार सोहोनी, सचिव मिलिन व्यास, विद्यालय प्राचार्य मुकेश पाठक, विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती पिंकी गुर्जर दीदी, खेल शिक्षक युगल वघेरवाल तथा समस्त विद्यालय परिवार ने सिमरन वर्मा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने जिला प्रशासन की पहल है जैविक हाट

नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप जिला प्रशासन नीमच द्वारा जिले के नागरिकों आमजनों को एक ही स्थान पर अच्छी गुणवत्ता के जैविक उत्पाद उपलब्ध कराने और जैविक उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए नीमच के दशहरा मैदान में शनिवार को साप्ताहिक जैविक हाट बाजार लगाया गया है। इस जैविक हाट बाजार में बड़ी संख्या में जैविक फल,




सब्जियां, अनाज, दालों, जैविक, खाद एवं अन्य जैविक उत्पाद तैयार करने वाले प्रगतिशील किसानों द्वारा अपने जैविक उत्पादों की स्टाल एवं प्रदर्शनी लगाई गई है।कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री मनीषा धाकड एवं कृषि वैज्ञानिकों, एसडएम श्री संजीव साहू ने जैविक हाट बाजार में जैविक उत्पादों की स्टालों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने जैविक हाट में से जैविक पपीता, फल एवं जैविक हल्दी एवं जैविक मिर्च पाउडर का पैकेट नगद राशि देकर खरीदा। न.पा नीमच, कृषि एवं अन्य विभागों के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा लगाए गये इस जैविक हाट बाजार के प्रति नागरिकों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। साथ ही जैविक उत्पादक किसान भी अपने उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शन के लिए हाट बाजार के रूप में जिला मुख्यालय पर एक मंच उपलब्ध होने से काफी खुश है। कृषि महाविद्यालय मंदसौर के विद्यार्थियों ने भी जैविक हाट बाजार का अवलोकन किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी जैविक उत्पादक किसान व शहरवासी उपस्थित थे।

### शेख सैय्यद पठान संगठन की जिला कमेटी का गठन

नीमच। शेख सैय्यद पठान संस्था एक रजिस्टर्ड संस्थान हैं। जिसके रजिस्ट्रेशन नंबर 07/34/01/18682/24 मध्यप्रदेश शासन सोसायटी रजिस्ट्रेशन मैं दर्ज हैं। यह एक सामाजिक संस्था है। जो शेख सैय्यद पठान समाज के लिए पिछले 2 सालो से लगातार कार्य कर रही है। समाज में फैली हुई बुराई को दुर करने की कोशिश कर रही हैं। साथ ही समाज के बुनियादी मुद्दों को लेकर आगे बढ़ रही है। समाज को मजबूत बनाने के लिए व एकजुट करने के लिए सामाजिक विकास के लिए लगातार तीसरी जिला कमेटी के



अध्यक्ष चुने गए सलीम खान ने हजरत चाँदशाह वली दरगाह परिसर में समाज के वरिष्ठ जनों की सलाह पर जिला कमेटी का गठन किया है। सरंक्षक ( सरपरस्त )हाजी इदरीश पठान बघाना, गुलाम रसुल पठान छावनी, कल्लु पठान टाल वाले, नीमच सिटी विशेष आमंत्रित सदस्य हाजी अनवर पठान, शहजाद पठान मोअज्जिन जामा मस्जिद नीमच, उपाध्यक्ष (नायाब सदर )मो.सलीम रामपुरा, अय्युब पठान (रिटायर्ड प्रोफेसर) मनासा, हाजी बाबु भाई शैख नीमच, बाबु भाई ठेकेदार, सचिव एडवोकेट वसीम नाज पठान, सह सचिव साबिर पठान ( पेन्टर ),खजांची हयात चाचा के.जी एन ट्रावेल्स, जिला संगठन मंत्री सैय्यद हसन अली,साबिर पठान सिटी।


**आवश्यकता है**

**संजीवनी अस्पताल उदयपुर ( राज. ) में आवश्यकता है, नाइट ड्यूटी फीमेल नर्सिंग स्टाफ ( गायनिक ) और मैनेजर की**

**( 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक, वेतन योग्यतानुसार )**

**केवल वाट्स-ऐप करें. 9829232769**


# सरकारी जमीन पर लहलहा रही गांजे की खेती का खुलासा

## पुलिस ने 3 क्विंटल गांजा जब्त कर मौके पर जलाया, अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू की

**नीमच। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मनासा विकासखंड की ग्राम पंचायत टामोटी के शिवपुरिया चक्कीवाला गांव में सरकारी भूमि पर चल रही अवैध गांजे की खेती का पर्दाफाश किया गया। कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी भीमसिंह सिसोदिया को मिली गुप्त सूचना पर मनासा और रामपुरा थाना पुलिस के साथ एक संयुक्त टीम गठित की गई।**



भारी पुलिस बल के साथ टीम जब खेत पर पहुंची, तो वहां खुलेआम लहलहा रही गांजे की फसल देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। मौके पर बुलाए गए हल्का पटवारी से जमीन की नाप-जोख कराई गई, जिससे पुष्टि हुई कि यह पूरी भूमि शासकीय संपत्ति थी। इससे स्पष्ट हुआ कि किसी व्यक्ति या संगठित गिरोह ने बिना किसी कानूनी अधिकार के सरकारी जमीन पर कब्जा कर इस अवैध खेती को अंजाम दिया था।

पुलिस ने खेत से कुल 3 क्विंटल 25 किलोग्राम ताजे गांजे के पौधे जब्त किए। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद, जब्त किए गए सभी पौधों को मौके पर ही आग लगाकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### टीआई बोले... इतने बड़े पैमाने पर खेती, शामिल हो सकता है कोई गिरोह

थाना प्रभारी ने आशंका व्यक्त की है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजे की खेती अकेले किसी व्यक्ति का काम नहीं हो सकती। इसके पीछे एक संगठित गिरोह, सप्लाई चेन और स्थानीय मददगार तत्वों के शामिल होने की संभावना है। पुलिस की टीमें अब इस नशे की खेती को बढ़ावा देने वाले मास्टरमाइंड की तलाश, पौधों के बीज के स्त्रोत का पता लगाने और तैयार माल के नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुट गई हैं।

### नशे की फसलों का केंद्र रहा है यह पठारी इलाका

यह पठारी इलाका पहले भी नशे की फसलों का केंद्र रहा है। कुछ माह पूर्व ही गांव आमद में अफीम की अवैध खेती पकड़ी गई थी। इस क्षेत्र में बार-बार अवैध फसलों का पकड़ा जाना संकेत देता है कि कोई संगठित गिरोह इस इलाके को अपना सुरक्षित ठिकाना बनाने का प्रयास कर रहा है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में इस पूरे नेटवर्क के और भी बड़े खुलासे संभव हैं।



## अवैध मादक पदार्थ की तस्करी : 714 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा जब्त

रतनगढ़। मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के तहत नीमच जिले की रतनगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक, भोपाल के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के मार्गदर्शन में चल रही कार्रवाई के दौरान 714 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जप्त किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, एसडीओपी जावद रोहित राठौर तथा थाना प्रभारी रतनगढ़ मनोज सिंह जादौन के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के तहत पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया।

6 दिसंबर 2025 को पुलिस चौकी डीकेन को मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में भारी मात्रा में डोडाचूरा तस्करी की जा रही है। सूचना पर डीकेन-रतनगढ़ रोड पर पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी की। संदिग्ध बोलेरो लोडिंग पिकअप (आरजे 21 जीबी 4972) को रोककर तलाशी लेने पर 36 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 714 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा मिला। वाहन से भरत पिता पन्नालाल धाकड़ (32), निवासी सरसी, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। वहीं उसका साथी रणजीत दायमा बंजारा, निवासी कनेरा, चित्तौड़गढ़ अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। आरोपियों के खिलाफ थाना रतनगढ़ में धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

## कांग्रेसियों ने महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नीमच। देश के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर साहब की पुण्यतिथि पर 6 दिसंबर को रतनगढ़ युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा श्रद्धांजलि के रूप में पुष्प माला दीप प्रचलित करके देश के संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित की।**



इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा जी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि किस तरह डॉक्टर अंबेडकर साहब ने संघर्ष करते हुए अपनी पढ़ाई की और किस तरह से देश में उनका योगदान रहा जहां दलित को सम्मान शोषितों को अपना अधिकार वह पूरे देश में सभी को अपना-अपना हक दिलाने के लिए संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के सबसे पहले कानून मंत्री बने अनेक वक्ताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर मौजूद समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि जिस तरह देश को संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है उसे संविधान की रक्षा करने का सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष शब्बीर भाई बोहरा द्वारा की व संचालन अर्जुन बैरागी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में पधारे सभी का आभार युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अंकित शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारे जिला कांग्रेस महामंत्री धीरज व्यास, जनपद सदस्य गोपाल धाकड़, जिला कांग्रेस महामंत्री राजेश लड़ा, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष कमल छपरीबंद, पूर्व ब्लाक कार्यकारी अध्यक्ष शंभू भाई चरण, पूर्व पार्षद लखन भाटी, पूर्व पार्षद कमल व्यास, जिला अल्पसंख्यक महामंत्री मुजीब रहमान, ब्लॉक अनुसूचित अध्यक्ष राजेश सोलंकी, किसान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नानालाल चरण, वरिष्ठ नेता जगदीश बैरागी, सरफराज नीलगर, नासिर पठान, पिंकेश सोलंकी, नितिन सोलंकी, आयुष सोनी, अभिषेक सोनी, दीपक शर्मा, जाहिद खान, बालचंद सोलंकी, कल्पेश राठौर, इरशाद मंसूरी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिंगोली में मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप



### मामला पहुंचा एसपी कार्यालय

**नीमच।** जिले के सिंगोली की नई आबादी क्षेत्र में 4 दिसंबर 2025 को पिकअप और टैम्पो हटाने को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। घटना को लेकर शबाना पति रशीद शाह ने पुलिस अधीक्षक नीमच को आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिकायत में बताया गया है कि पिकअप आगे-पीछे करने की बात पर हुए कहासुनी के बाद पास में रहने वाले सत्तार अब्दुल रहमान, उनके बेटों और अन्य साथियों ने शबाना के घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की।शबाना के अनुसार, घटना शाम को हुई। गाली-गलौज का विरोध करने पर विपक्षीगणों ने उन पर और उनकी बेटियों खुशबू और साहिबा पर हमला कर दिया। शिकायत में आरोप है कि सत्तार का बेटा बिट्टू खुशबू का गला दबाने लगा, जिससे वह बेहोश हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचीं देवरानी सलमा और संजीता को भी धमकियां दी गईं। जाते-जाते विपक्षीगणों ने पूरे परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी।

### थाना सिंगोली पुलिस पर एफआईआर न लिखने का आरोप

शबाना ने एसपी को दिए आवेदन में यह भी आरोप लगाया कि जब वे थाना सिंगोली में रिपोर्ट दर्ज कराने गईं, तो पुलिसकर्मियों ने शिकायत लिखने से इनकार कर दिया। उनके अनुसार, पुलिस ने यह कहकर टाल दिया कि विपक्षीगण राजनीतिक रसूख वाले हैं और सत्तार की पत्नी फरीदा पार्षद हैं, ऐसे में रिपोर्ट लिखने पर उनका ट्रांसफर हो सकता है। एसपी से कार्रवाई की मांग-पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि विपक्षीगणों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया जाए, शिकायत को गंभीरता से लेकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार ने भरोसा जताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक स्तर पर हस्तक्षेप होने से उन्हें न्याय मिल सकेगा।

## मंदसौर में चुना जाएगा मिस्टर मध्यप्रदेश गौरव दिसव पर बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा आज

### राज्यसभा सांसद एवं नपाध्यक्ष ने किया सम्राट यशोधर्मन ट्रॉफी का अनावरण

**मन्दसौर।** भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की नगरी मन्दसौर में नगरपालिका परिषद द्वारा आज गौरव दिवस पर सम्राट श्री यशोधर्मन ट्रॉफी के लिए राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग खेल आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ 7 दिसम्बर रविवार की शाम 4 बजे होगा। खेल कार्यक्रम का समापन रात्रि 10 बजे किया जावेगा। इस खेल मंच पर मिस्टर मध्यप्रदेश चुना जाएगा। खेल कार्यक्रम के एक दिवस पूर्व राज्यसभा सांसद बशीलाल गुर्जर एवं नपा परिषद अध्यक्ष श्रीमति रमादेवी गुर्जर ने मिस्टर मध्यप्रदेश को प्रदान की जाने वाली सम्राट श्री यशोधर्मन ट्रॉफी का अनावरण किया।



सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि स्वस्थ शरीर स्वस्थ व्यक्तिव का निर्माण करता है। खेल मंच के माध्यम से युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी। व्यायाम करें, योगा करें खेल गतिविधियों को अपनी दिनचर्यो का हिस्सा बनाये। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि गौरव दिवस पर नगर में शारीरिक सौष्ठव खेल का आयोजन किया जा रहा है। अधिक से अधिक युवा इस खेल के माद्यम से स्वस्थ शरीर का निर्माण करें, नशे से दूर रहे।

दशपुर जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के सचिव शैलेन्द्र सिसौदिया ने बताया कि संस्था विगत 23 वर्षों से बॉडी बिल्डिंग खेल गतिविधियों का जिले में सतत आयोजन किया जा रहा है। अनावरण के मौके पर भाजपा नेता श्री राजेश गुर्जर, दशपुर जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदप्रकाश मिश्रा, कीर्तिश जैन, संजय मित्तल, लोकेश भार्गव, संदीप मेहता, प्रवीण खत्री, सितेश बसेर, मनीष सोनी, अनिल पाटीदार, विजय टेकचंदानी,मयंक सीसोदिया शराफत हुसैन ,भवानी शंकर, भूपेंद्रसिंह चावड़ा, आशु गोड, उपस्थित थे।

**एक नजर** — उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड सैनिक और उनके प्रतिभाशाली बेटे-बेटियां सम्मानित, कलेक्टर व एसपी ने होमगार्ड परेड का निरीक्षण कर सलामी ली

## होमगार्ड लाईन में मनाया मप्र होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा दिवस

**नीमच। जिला होमगार्ड लाईन कनावटी में शनिवार को म.प्र. होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा दिवस समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं एसपी श्री अंकित जायसवाल ने इस अवसर पर आयोजित होमगार्ड की भव्य परेड़ का निरीक्षण कर, सलामी ली।**

कलेक्टर एवं एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड सैनिकों और उनके प्रतिभाशाली बेटे, बेटियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू, जिला कमाण्डेंट होमगार्ड श्री युवराज सिह चौहान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

होमगार्ड लाईन कनावटी में होमगार्ड स्थापना दिवस एवं नागरिक सुरक्षा दिवस पर आयोजित परेड़ का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डेंट श्रीमती पुष्पा पंवार एवं श्री जयपाल सिह ने किया। प्रथम प्लाटून का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर श्री आजाद सिह, द्वितीय प्लाटून का नेतृत्व श्री शंकर सिह तथा श्री सार्थक पाटीदार के नेतृत्व में एनसीसी की प्लाटून, तथा गोविन्द धनगर के नेतृत्व में सिविल डिफेन्स वालिंटियर की प्लाटून ने भव्य एवं आकर्षक मार्च पास्ट परेड प्रस्तुत की। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने होमगार्ड महानिदेशक सुश्री प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव के होमगार्ड स्थापना दिवस के संदेश का वाचन किया।



### इन्हें किया गया सम्मानित

कलेक्टर एवं एस.पी. ने आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर सैनिक दिनेश धनगर, श्री यशवंत पंवार, श्री दशरथ गुंद्रात श्री लक्ष्मण सिह, श्री श्यामलाल धनगर, श्री श्याम लाल चौहान, श्री शंकरसिह, श्री जयपालसिह, श्री आजादसिह, श्री विक्रमसिह,श्री दुर्गालाल, एवं श्री भूरालाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्माति किया। साथ ही नायक श्री भेरूलाल मालवीय की पुत्री सुश्री दिव्या मालवीय को बीएससी नर्सिंग में में 84 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर 10 हजार रूपये, सैनिक ओमप्रकाश मेघवाल की पुत्री सुश्री पायल मेघवाल को बीएससी में 70 प्रतिशत अंक लाने पर दस हजार रूपये, नायक भेरूलाल मालवीय की पुत्री सुश्री वंदना मालवीय को डिप्लोमा इन लैब टैक्नीशियन में 69.3 प्रतिशत अंक लाने पर 7500 रूपये तथा सैनिक विक्रम सिह चंद्रावत की पुत्री सुश्री राजेश्वरी चंद्रावत एवं सैनिक दिनेश धनगर के पुत्र गोविंद धनगर को दसवीं में सर्वाधिक क्रमश: 90.4 व 76.8 प्रतिशत अंक लाने पर क्रमश: 5 हजार व 3 हजार रूपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

### कलेक्टर ने की होमगार्ड अधिकारियों व जवानों की सराहना

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने अपने उदबोधन में होमगार्ड के अधिकारियों एवं जवानों को होमगार्ड दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए आपदा प्रबंधन के कार्यो में उनके योगदान की सराहना की। कलेक्टर एवं एसपी ने होमगार्ड लाईन में आयोजित आपदा प्रबंधन उपकरणों, सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.संजय जोशी ने किया तथा जिला कमाण्डेंट श्री युवराज सिह चौहान ने आभार माना।